# अभिलेखों को स्कैन कर डिजिटल मोड में लाने की प्रक्रिया बताई

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान राज्य अभिलेखागार में स्वयंसेवकों ने वहां स्थित शिवाजी गैलेरी, महाराणा प्रताप गैलेरी, समाचार पत्र गैलेरी, स्वतंत्रता सैनानी गैलेरी, कॉपर प्लेट गैलेरी, एल.पी. टेस्सीटोरी गैलेरी, पुस्तकालय तथा रिकॉर्ड रूम का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान राजस्थान राज्य अभिलेखागार के वरिष्ठ सहायक डॉ. मनीष मोदी ने स्वयंसेवकों को सभी गैलेरी तथा स्थानों का भ्रमण करवाया तथा उसके संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान राज्य अभिलेखागार के सहायक निदेशक रामेश्वर बैरवा ने बताया कि किस प्रकार इन धरोहरों को आने वाली पीढियों के लिए संरक्षित रखने के लिए विभिन्न प्रकार के प्राचीन तथा आधुनिक प्रक्रियाओं की सहायता ली जाती है। साथ ही उन्होंने अभिलेखों को स्कैन कर उनको डिजिटल मोड में लाने की प्रक्रिया तथा उसमें काम आने वाले उपकरणों के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी।

बैरवा ने स्वयंसेवकों को बताया कि शिवाजी और औरंगजेब के मध्य सन् 1665 में जो पुरंदर की संधि हुई थी उसकी मूल कॉपी अभिलेखागार में सुरक्षित है जिसका स्वयंसेवकों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के रासेयो के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास ने राजस्थान राज्य अभिलेखागार के पदाधिकारियों

- **स्वयंसेवकों को सभी गैलेरी तथा स्थानों का भ्रमण करवाया तथा उसके संबंध में सम्पूर्ण जानकारी दी**

तथा कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। दिन के समापन पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुन्द व्यास ने आगामी दिवस की रूपरेखा स्वयंसेवकों के समक्ष प्रस्तुत की।

इस दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। साथ ही स्वयंसेवकों ने स्वच्छ परिसर हेतु शपथ ली कि सभी विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ तथा स्वस्थ रखेंगे। आगामी सत्र में महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर एवं युवा पुरस्कार से सम्मानित डॉ. चन्द्रशेखर श्रीमाली थे। डॉ. श्रीमाली ने स्वयंसेवकों को रासेयो के महत्व एवं इससे स्वयंसेवकों को होने वाले फायदों के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया कि रासेयो स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास में बहुत सहायक है। रासेयो स्वयंसेवक होने के नाते वह राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है तथा उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले युवा कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी देते हुए उनमें भाग लेने की प्रक्रिया एवं विभिन्न प्रकार के युवा पुरस्कारों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। महाविद्यालय के स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ. हरिशंकर आचार्य ने सभी स्वयंसेवकों से आव्हान किया कि वे सभी लोग समाज में इन योजनाओं का प्रचार करें ताकि सरकार की इन योजनाओं की पहुंच आम आदमी तक हो सके। डॉ. आचार्य ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि रासेयो एक सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा एक स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर सकता है। इस अवसर पर डॉ. आचार्य ने केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करने वाले पैम्पलेट्स तथा जागरूकता हेतु विभिन्न पोस्टरों का वितरण भी स्वयंसेवकों के मध्य किया ताकि स्वयंसेवक इन सभी कार्यक्रमों की जानकारी जन मानस तक पहुंचा सके।

अंतिम सत्र में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास एवं महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. शराफत अली, डॉ. पीयूष किराडू, श्रीमती सुनीता लूणिया, अन्जुमन उस्ता, राजश्री सुथार, चेतना ओझा, मोहिता सिंह एवं राकेश रंगा के नेतृत्व में राजस्थान राज्य अभिलेखागार का भ्रमण किया। जिसमें

राजस्थान राज्य अभिलेखागार में स्वयंसेवकों ने वहां स्थित शिवाजी गैलेरी, महाराणा प्रताप गैलेरी, समाचार पत्र गैलेरी, स्वतंत्रता सैनानी गैलेरी, कॉपर प्लेट गैलेरी, एल.पी. टेस्सीटोरी गैलेरी, पुस्तकालय तथा रिकॉर्ड रूम का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान राजस्थान राज्य अभिलेखागार के वरिष्ठ सहायक डॉ. मनीष मोदी ने स्वयंसेवकों को सभी गैलेरी तथा स्थानों का भ्रमण करवाया तथा उसके संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की।

स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान राज्य अभिलेखागार के सहायक निदेशक रामेश्वर बैरवा ने बताया कि किस प्रकार इन धरोहरों को आने वाली पीढियों के लिए संरक्षित रखने के लिए विभिन्न प्रकार के प्राचीन तथा आधुनिक प्रक्रियाओं की सहायता ली जाती है। साथ ही उन्होंने अभिलेखों को स्कैन कर उनको डिजिटल मोड में लाने की प्रक्रिया तथा उसमें काम आने वाले उपकरणों के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी। बैरवा ने स्वयंसेवकों को बताया कि शिवाजी और औरंगजेब के मध्य सन् 1665 में जो पुरंदर की संधि हुई थी उसकी मूल कॉपी अभिलेखागार में सुरक्षित है जिसका स्वयंसेवकों ने अवलोकन किया।

# नोखा अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन बंद

**नोखा, (कासं)।** जिला अस्पताल में लम्बे समय से बंद पड़ी सोनोग्राफी मशीन को नियमित रूप से चालू करवाने की मांग की गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता जेठू सिंह राजपुरोहित, जगदीश भार्गव और नरेंद्र सिंह राजपुरोहित ने नोखा उपखंड अधिकारी को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि बागड़ी जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन काफी समय से बंद है। इसके कारण मरीजों को विशेषकर गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सोनोग्राफी जांच के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। जबकि अस्पताल में मशीन उपलब्ध है।

भाजपा नेताओं ने यह भी बताया कि बागड़ी जिला अस्पताल में दो योग्य स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनोकोलॉजिस्ट) डॉक्टर कार्यरत हैं। इसके बावजूद सोनोग्राफी सुविधा चालू नहीं होने से मरीजों को निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इस समस्या को पहले भी उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। भाजपा नेताओं ने मांग की है कि जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन को तत्काल चालू कर नियमित रूप से संचालित किया जाए। इससे क्षेत्र के मरीजों, खासकर गर्भवती महिलाओं को राहत मिलेगी। और उन्हें अनावश्यक आर्थिक व मानसिक परेशानियों से बचाया जा सकेगा।

## विप्र सेना ने गोचर भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन का किया समर्थन

**बीकानेर**, विप्र सेना बीकानेर जिलाध्यक्ष इन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में बीकानेर की गोचर भूमि के अधिग्रहण के विरोध में आगामी होने वाले आंदोलन को समर्थन दिया गया जिसमे बीकानेर राम झरोखा के महामंडलेश्वर संत श्री सरजुदास जी महाराज ने कहा की धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा आंदोलन समिति के कार्यकर्ता शिवकुमार गहलोत ने गोचर भूमि के सम्पूर्ण कागजात प्रस्तुत किए और गोचर भूमि के बारे में जानकारी दी इसके बाद विप्र सेना के संभाग अध्यक्ष हरिगोपाल उपाध्याय ने कहा कि गौ माता और गोचर भूमि की रक्षा के लिए ब्राह्मणों ने हमेशा लड़ाइया लड़ी है और जरूरत पड़ने पर पीछे नहीं हटेंगे विप्र सेना के प्रदेश प्रवक्ता रामावतार उपाध्याय ने कहा की हर समाज के लोगो से विप्र सेना की टीम संपर्क करेगी और गोचर भूमि का अधिग्रहण किसी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा प्रदेश महामंत्री रविन्द्र जाजडा ने बताया कि सरकार को बीकानेर में हो रहे विरोध प्रदर्शन की जानकारी प्रशासन अच्छे से अवगत नहीं करा रहे है।

## सार-समाचार

### ऊंट उत्सव के लिए 3 लाख दिए

**बीकानेर, (कासं)।** ऊंट उत्सव-2026 के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड द्वारा जिला प्रशासन को 3 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि को इससे जुड़ा चैक दिया गया। इस अवसर पर एनएलसी इंडिया लिमिटेड, बरसिंहसर परियोजना के परियोजना प्रमुख एस. विजय कुमार तथा मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ. एस. चंद्रशेखर भी उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने कहा कि एनएलसी इंडिया लिमिटेड का यह सहयोग बीकानेर की कला, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में सहायक सिद्ध होगा। कंपनी ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऊंट महोत्सव 2026 के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर सहयोग का विश्वास व्यक्त किया।

### जीतो महिला विंग ने कम्बल बांटे

**बीकानेर, (कासं)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की महिला विंग बीकानेर चैप्टर द्वारा टीबी हॉस्पिटल में कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैयरपर्सन ममता रांका ने बताया कि बीकानेर में बीते तीन-चार दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। हॉस्पिटल, रैन-बसेरे, फुटपाथ आदि स्थानों पर जरुरतमंदों को कम्बल वितरण किए जा रहे हैं। सेवा के इसी क्रम में मंगलवार को पीबीएम परिसर स्थित टीबी हॉस्पिटल में जीतो महिला विंग द्वारा 125 कम्बल वितरित किए गए। प्रियंका बैद ने बताया कि समय पर और सही पात्र को दी गई सेवा ही श्रेष्ठ धर्म है। इस दौरान रेणु गुजरानी, चांदनी सुराना, चंचल चौरडिया, सुनीता रांका, रंजना सुराना, प्रियंका बैद एवं तारा डागा उपस्थित रही।

### स्कूलों में 11 तक छुट्टी

**बीकानेर, (कासं)।** शीतलहर को देखते हुए कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले के सभी राजकीय और गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 8 से 10 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है। 11 जनवरी को रविवार है, ऐसे में अब स्कूल 12 जनवरी को खुलेंगे। पांचवीं और आठवीं बोर्ड के एग्जाम हैं। आदेश के अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं 8 से 10 जनवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश जिले के सभी सरकारी, निजी, सीबीएसई, आंगनबाड़ी और मदरसों पर लागू होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए मान्य रहेगा, जबकि स्कूल स्टाफ और शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय समय पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही सभी संस्था प्रधानों को आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी विद्यालय द्वारा आदेशों की अवहेलना की जाती है, तो संबंधित संस्था के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### बेटियों ने मां की अर्थी को दिया कंधा

**नोखा, (कासं)।** नोखा क्षेत्र के हिमटसर गांव में बीती रात एक महिला का निधन हो गया। उनके परिवार में कोई पुत्र नहीं था। उनकी दो विवाहित बेटियों ने मां की अर्थी को कंधा दिया और मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की। गांव निवासी इंद्रा देवी (52) पत्नी सत्यनारायण सोमानी का मंगलवार रात निधन हो गया। उनके दो बेटियां हेमलता और सोनू हैं। बुधवार को इंद्रा देवी की अंतिम यात्रा निकाली गई। दोनों बेटियों ने मां की अर्थी को कंधा दिया। परिवार के सदस्य पवन राठी ने बताया कि सत्यनारायण सोमानी पुत्र न होने के कारण अपनी बेटियों को बेटों के समान ही मानते हैं। पत्नी के निधन के बाद बेटियों ने स्वयं आगे बढ़कर मां को मुखाग्नि देने की इच्छा जताई। परिवारजनों और रिश्तेदारों की सहमति से सभी आवश्यक तैयारियां की गई। अंतिम विश्राम गृह स्थल पर सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में बेटियों ने सभी धार्मिक क्रियाएं पूरी की और अपनी मां को मुखाग्नि दी।

### डेनमार्क में खेती की तकनीक समझी

**बीकानेर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषि और कृषक कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। इसी श्रृंखला में बीकानेर के युवा किसान वीरेंद्र लुणू ने भी राज्य सरकार की अभिनव योजना के तहत डेनमार्क का दौरा कर वहां की खेती तकनीकों को जाना एवं समझा। बीकानेर जिले के बेलासर गांव का युवा किसान लुणू पिता की देखरेख में पारंपरिक तरीके से कृषि कार्य करने के अलावा भेड़-बकरियों की देखरेख करता है। परंपरागत ढंग से कृषि कार्य करते हुए वीरेंद्र आशातीत आर्थिक लाभ नहीं ले पा रहा था। इस कार्य में समर्पण को देखते हुए उसका चयन राज्य सरकार के नॉलेज एनहांसमेंट प्रोग्राम के तहत हुआ। कृषि और पशुपालन से जुड़ी नई तकनीकों का प्रशिक्षण राज्य सरकार द्वारा उसे निःशुल्क डेनमार्क से भेजा गया। डेनमार्क में गत 8 से 15 अक्टूबर तक आयोजित प्रशिक्षण के दौरान लुणू ने उन्नत डेयरी फार्म, ग्रीन हाउस खेती, जर्सी गाय पालन और फूलों की आधुनिक खेती प्रणाली का अध्ययन किया।

# 13.600 किग्रा. गांजा सहित गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** पश्चिम बिहार के कूचबिहार जिले से बीकानेर में बड़े पैमाने पर गांजे की सप्लाई हो रही है। गंगाशहर थाना पुलिस ने एक अभियुक्त से 13.600 किग्रा गांजा बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

देर रात को गंगाशहर पुलिस थाने की कार्यवाहक एसएचओ मोनिका पुलिस जाब्ते के साथ गश्त कर रही थी। नोखा रोड पर हंसा गेस्ट हाउस के पीछे आचार्य तुलसी समाधि स्थल रोड पहुंचे तो एक युवक हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए दिखा जो संदिग्ध लगा। पुलिस की गाड़ी को देखकर वह भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में तूफानगंज थाना स्थित बलरामपुर निवासी नारायण बर्मन बताया। वर्तमान में वह हंसा गेस्ट

- **नोखा रोड पर हंसा गेस्ट हाउस के पीछे आचार्य तुलसी समाधि स्थल रोड पहुंचे तो एक युवक हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लिए दिखा जो संदिग्ध लगा**

हाउस में काम करता है। उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली तो उसमें भरा 13.600 किग्रा गांजा बरामद हो गया। यह गांजा उसने गंगाशहर में पुराना बस स्टैंड के पास रहने वाले श्याम पंचारिया से लिया था। श्याम कूचबिहार से गांजा मंगाकर सप्लाई करता है। हंसा गेस्ट हाउस में काम करने के दौरान दोनों की जान-पहचान हो गई।

## नवजात शिशु का ऑपरेशन कर जान बचाई

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर रोड पर स्थित डॉ. एल.सी. बैद चिल्ड्रन अस्पताल में एक दिन के नवजात शिशु का दुर्लभ एवं जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। बच्चा जन्म के बाद अत्यधिक लार टपकने और सांस लेने में कठिनाई की समस्या से पीड़ित था। जांच में पता चला कि बच्चा एसोफेजियल एट्रेसिया नामक जन्मजात बीमारी से ग्रस्त था। यह एक दुर्लभ स्थिति है जिसमें भोजन नली (एसोफेगस) पूरी तरह विकसित नहीं होती और मुंह से पेट तक जुड़ी नहीं होती एवं सांस की नली से असामान्य जुड़ी होती है। अस्पताल के बच्चों के सर्जन डॉ. तुषार आहूजा एवं अस्पताल की ओटी एंड एनआईसीयू टीम ने बच्चे का सफल ऑपरेशन कर भोजन नली को जोड़ा व गंभीर समस्या को ठीक किया।

# बीकानेर ट्रेड फेयर एक्सपो आज से शुरू, तैयारियों का जायजा लिया

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में 8 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले विशाल ट्रेड फेयर एक्सपो की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

मंडल अध्यक्ष जुगल राठी और सचिव संजय सांड के नेतृत्व में टीम ने साइट का दौरा कर स्टॉल वितरण, सुरक्षा, पानी, बिजली सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीकानेर ट्रेड फेयर एक्सपो का उद्घाटन केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के कर कमल द्वारा किया जायेगा तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर सिंह, भंवरलाल

- **बीकानेर ट्रेड फेयर एक्सपो का उद्घाटन केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल करेंगे**

कुलरिया, बीकाजी इंटरनेशनल के दीपक अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम व्यवस्था संभाल रहे दर्शन जैन ने बताया कि यह आयोजन बीकानेर के लिए विशेष होने जा रहा है और शहरवासियों को इसका बेसब्री से इंतजार है। अध्यक्ष जुगल राठी ने कहा कि मेले में स्थानीय स्तर के व्यापारियों को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'लोकल फॉर वोकल' योजना का धरातल पर क्रियान्वयन है। मेले में हर क्षेत्र से जुड़े उत्पाद उपलब्ध होंगे। बच्चों के लिए विशेष गेम जोन और चारों दिन लोक राग फाउंडेशन द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जिसमें युवा कलाकार, कॉलेज और स्कूल के छात्र भाग लेंगे। अध्यक्ष जुगल राठी, सचिव संजय जैन सांड, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल, शांतिलाल कोचर, शिव सिंह शेखावत, जनक हर्ष, जयनारायण डागा, पवन राज पुरोहित, पवन पेड़ीवाल, ज्योति रंगा, दर्शन जैन सांड, नरेन्द्र खत्री, मोहित माथुर और विकास पंचारिया व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# 230 किलो डोडा-पोस्त व 19 लाख नकद जब्त

**बीकानेर, (कासं)।** मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुक्ताप्रसाद थाना पुलिस ने बंगला नगर क्षेत्र से 2.30 क्विंटल डोडा-पोस्त जब्त किया। इस दौरान अवैध कारोबार से जुड़े 19 लाख रूपए नकद भी बरामद किए गए।

थानाधिकारी विजेन्द्र सिला ने बताया कि बंगला नगर में चुंगी चौकी के पास रहने वाला रतीराम जाट मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त में लिप्त था। पुलिस टीम ने उसके मकान पर दबिश दी, जहां से भारी मात्रा में डोडा-पोस्त बरामद हुआ। तलाशी के दौरान मौके से 19 लाख रूपए नकद भी मिले। पुलिस ने बताया कि यह रकम आरोपी ने डोडा-पोस्त की बिक्री और नया माल खरीदने के लिए रखी थी।

पुलिस ने आरोपी रतीराम उर्फ रतिया जाट के खिलाफ एनडीपीएस

- **रतिया जाट के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया**

एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रतीराम मूल रूप से लूणकरनसर के शुभलाई गांव का निवासी है, लेकिन वर्तमान में वह शहर में रहकर डोडा-पोस्त का अवैध कारोबार चला रहा था। उसकी करमीसर तिराहे पर एक दुकान भी है, जहां से डोडा-पोस्त चूरा बेचने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की आगे की जांच गंगाशहर थाना पुलिस के एसएचओ परमेश्वर सुथार को सौंपी गई है।

## घना कोहरा व शीतलहर का कहर

**लूणकरनसर, (कासं)।** कालू में पिछले पांच दिनों से धूप नहीं निकलने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह से घना कोहरा छाए रहने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

बढ़ती ठंड के कारण लोग ठिठुर रहे हैं, जिससे विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही बाजार भी जल्दी बंद हो रहे हैं। कुछ दिन पहले हुई मावठ की पहली बारिश ने सर्दी में और इजाफा किया है। रात का तापमान दस डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है और शीतलहर चल रही है। दोपहर तक सूरज नहीं निकलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ठंड बढ़ने के कारण सर्दी, जुकाम और बुखार के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले में यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान हैं। रबी सीजन में गेहूं की फसल के लिए यूरिया की आवश्यकता के समय खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित हैं।

राष्ट्रीय युवक परिषद ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर यूरिया की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और खाद माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। परिषद ने आरोप लगाया कि जिले में बड़े व्यापारी और स्टॉकिस्ट यूरिया खाद का अवैध भंडारण कर रहे हैं। इसके कारण वास्तविक जरूरतमंद किसानों को सरकारी दर पर खाद नहीं मिल पा रहा है। किसान सुबह से शाम तक सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के बाहर कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता

- **गेहूं की फसल के लिए यूरिया की आवश्यकता के समय खाद नहीं मिलने से किसान चिंतित**

है। किसानों का कहना है कि इससे उनका समय, श्रम और डीजल बर्बाद हो रहा है। साथ ही उन्हें मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ रहा है। कई विक्रेताओं पर स्टॉक न होने का बहाना बनाने या अनावश्यक दस्तावेजों की मांग करने का आरोप है।

किसानों ने यह भी शिकायत की कि जहां यूरिया उपलब्ध होता है, वहां बैग देने से पहले कीटनाशक, दवाईयां या अन्य कृषि उत्पाद खरीदने की शर्त रखी जाती है। इस टैगिंग प्रथा से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है, जबकि सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार यह प्रतिबंधित है।

राष्ट्रीय युवक परिषद ने मांग की है कि जिले के सभी खाद विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों के गोदामों की सघन जांच कर जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। उन्होंने खाद वितरण में राजनीतिक दबाव और सिफारिश संस्कृति को समाप्त कर पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने की भी अपील की। परिषद ने चेतावनी दी कि समय पर यूरिया नहीं मिलने से गेहूं की बढ़वार रूक सकती है, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होंगे और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पायेगा।

# टैक्सी लेकर भागा चोर गिरफ्तार

**बीकानेर, (कासं)।** रेलवे स्टेशन रोड पर लालजी होटल के पास चालक सवारियों को लेने के लिए आवाज लगा रहा था। इस दौरान पीछे से कोई शख्स टैक्सी चुरा ले गया। चालक ने कोटगेट पुलिस थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने मशक्कत कर टैक्सी लेकर भागे शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

घड़सीसर में आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के पीछे रहने वाले जगदीशचंद बिश्नोई ने कोटगेट थाना पुलिस को सूचना दी थी कि वह लालजी होटल के पास सवारियां मिलने का इंतजार कर रहा था। इस दौरान कोई शख्स उसकी टैक्सी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने टैक्सी लेकर भागे मुक्ताप्रसाद नगर निवासी हाल करणी इंडस्ट्रियल एरिया में ख्वाजा कॉलोनी निवासी देवीसिंह को नामजद किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त से चोरी की टैक्सी बरामद कर ली गई है। एसआई गौरव बोहरा, हैड कांस्टेबल हेतराम, गिरधारीदान, प्रवीण ने मशक्कत कर चोर को पकड़ा।

**कबाडियों को नशेड़ी बेच रहे चोरी का सामान :** गजसिंहपुर, पदमपुर रोड पर निर्माणाधीन बस स्टैंड का लोहे का सामान चोरी हो गया। इसमें लोहे के सरिए वगैरह व अन्य सामान था। इसी तरह घरों के बाहर सड़कों पर पौधों की सुरक्षा के लिये लगाये लोहे के गमले गायब हो रहे हैं। कुछ जगहों पर पानी की पाइप, टूटियां, मोटरें तक गायब हो रहे हैं। यहां तक कि पानी की टंकियों के लोहे के ढक्कन तक गायब हो रहे हैं। लोग परेशान हो रहे हैं कि ये लोहे की छुटपुट चोरियां कौन कर रहा है। छोटी-मोटी चोरियां का शक नशा करने वाले नशेड़ियों पर जाता है जो नशे की पूर्ति के लिये सामान उठा ले जाते हैं।

# निगम ने कहा ड्रेनेज सिस्टम के पांच काम 59 करोड़ में हो जायेंगे

- **वित्त विभाग ने एक दिन पहले ही निगम को पत्र लिखकर पूछा था कि जो 59 करोड़ से जो काम सुझाए गए हैं, क्या उस राशि से ये काम पूरे हो जायेंगे**
- **निगम ने जवाब दिया और कहा कि हां, जो काम हाथ में लिए गए हैं, वे इतने पैसे में हो जायेंगे**

**बीकानेर, (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से बीकानेर को दिए गए 100 करोड़ ड्रेनेज वाले मामले में अब कुछ आगे तो बढ़ा है मगर सवाल अभी भी पूछे ही जा रहे हैं। वित्त विभाग ने निगम को पत्र भेजकर सवाल पूछा है कि जो 59 करोड़ रूपए दिए जायेंगे, क्या उसमें काम पूरा हो जायेगा। निगम ने जवाब में कहा है कि जो काम हाथ में लिया गया है, वह हो जायेगा।

दरअसल सीएम ने अपने पहले बजट में बीकानेर शहर को 100 करोड़ रूपए ड्रेनेज ठीक करने के लिए दिए थे। बाद में वित्त विभाग ने इसे काटकर 59 करोड़ कर दिया। पांच महीने पहले टेंडर हो गए लेकिन फाइल यूडीएच और वित्त विभाग के ही चक्कर लगा रही है। मुद्दा उठा तो जयपुर के एक विधायक और कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने सीएम के सामने इसका मामला रखा। उसके बाद ही सीएम के प्रमुख सचिव अखिल अरोड़ा ने भी इसमें संज्ञान लिया। तब जाकर जयपुर में सक्रियता आई।

वित्त विभाग ने एक दिन पहले ही निगम को पत्र लिखकर पूछा था कि जो 59 करोड़ से जो काम सुझाए गए हैं, क्या उस राशि से ये काम पूरे हो जायेंगे। निगम ने जवाब दिया और कहा कि हां, जो काम हाथ में लिए गए हैं, वे इतने पैसे में हो जायेंगे, मगर पूरे शहर का अगर ड्रेनेज ठीक करना है तो उसके लिए 222 करोड़ की डीपीआर बनी है। मगर 59 करोड़ से पांच काम ही हाथ में लिए गए हैं और ये काम इस राशि से हो जायेंगे।

गंगाशहर में एक पंपिंग स्टेशन बनेगा, जिससे नाले का पानी एसटीपी पर जायेगा और पानी साफ होकर दूसरे कामों में उपयोग होगा। इससे सुजानदेसर में जमा होने वाले गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। दूसरा काम वल्लभ गार्डन में एकत्रित होने वाले गंदे पानी के समाधान का होगा। यहां हर साल बारिश में पाल टूटने से कई कॉलोनियों में पानी भर जाता है। हालात ऐसे होते हैं कि लोगों को रेस्क्यू करना पड़ता है। कई सालों से यह समस्या है और निगम ने यह काम अपने हाथ में लिया है। इसके अलावा और भी छोटे काम हैं।

मयंक मनीष, कमिश्नर नगर निगम का कहना है कि वित्त विभाग ने जो भी जानकारी मांगी थी, उसका जवाब दे दिया गया है। हमने आश्वस्त कर दिया है कि जो काम हाथ में लिए हैं, जिनका टेंडर किया गया है, उसके लिए कोई अतिरिक्त राशि नहीं मांगी जायेगी।

## युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

**नोखा,(कासं)।** नोखा कस्बे के मोहनपुरा क्षेत्र में बुधवार को एक व्यक्ति घरेलू विवाद के चलते पानी की टंकी पर चढ़ गया। लगभग तीन घंटे की समझाइश के बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतारा।

थानाधिकारी अरविन्द भारद्वाज ने बताया कि मोहनपुरा निवासी नरेन्द्र सिंह (45) पारिवारिक झगड़ों के कारण मानसिक तनाव में था। इसी परेशानी के चलते उसने यह कदम उठाया। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर नोखा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने लगातार नरेन्द्र सिंह से बातचीत की और उसे शांत करने तथा सुरक्षित नीचे उतरने के लिए समझाया।

पुलिस ने बताया कि यह मामला पूरी तरह घरेलू विवाद से जुड़ा है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने नरेन्द्र सिंह से संपर्क कर उसके पारिवारिक विवाद की जानकारी ली और कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद युवक को सुरक्षित टंकी से नीचे उतारा गया और उसे थाने ले जाया गया। युवक लगभग तीन घंटे तक टंकी पर रहा।

# ऑर्थो बायोलॉजिकल रिजनरेटिव केयर लैब शुरू

**बीकानेर, (कासं)।** पीबीएम अस्पताल से संबद्ध ट्रॉमा सेंटर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। यहां प्रदेश की पहली अत्याधुनिक ऑर्थो बायोलॉजिकल रिजनरेटिव केयर (ओबीआरसी) लैब की शुरूआत की गई है। इस तकनीक के जरिए अब घुटनों के दर्द, जोड़ों की बीमारी और स्पोर्ट्स इंजरी का इलाज बिना ऑपरेशन संभव हो सकेगा।

इस लैब में पांच मरीजों के घुटनों के आस्टियो आर्थराइटिस (ग्रेड-2) का उपचार सफलतापूर्वक शुरू किया गया। पीबीएम अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया ने लैब के शुभारंभ पर कहा कि यह तकनीक बीकानेर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में चिकित्सा अनुसंधान और स्पोर्ट्स मेडिसिन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि ओबीआरसी तकनीक से मरीजों का इलाज बिना ऑपरेशन, बिना चीर-फाड़ और बिना बाहरी रसायनों के किया जा सकेगा। जिससे इलाज अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनेगा।

इस तकनीक का उपयोग स्पोर्ट्स इंजरी, शोल्डर समस्याएं (रोटेटर कफ, फ्रोजन शोल्डर, आर्थराइटिस), टेनिस

- **ओबीआरसी तकनीक से मरीजों का इलाज बिना ऑपरेशन, बिना चीर-फाड़ के किया जा सकेगा**

एल्बो, गोल्फर एल्बो, हिप और घुटने की कार्टिलेज व मेनिस्कस इंजरी, आस्टियो आर्थराइटिस (ग्रेड 1, 2 और 3), एंकिल इंजरी, प्लास्टर फेशियाइटिस, हड्डियों के डिलेड या नॉन यूनियन और डिस्क प्रोलैप्स जैसी जटिल बीमारियों में किया जायेगा।

बुजुर्गों से खिलाड़ियों तक, सबके लिए राहत की नई उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में यह तकनीक स्पोर्ट्स पर्सन, बुजुर्गों और कामकाजी युवाओं के लिए बेहद कारगर साबित होगी।

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जोड़ों की समस्या आम होती जा रही है। ऐसे में बिना ऑपरेशन, कम दर्द और न्यूनतम जोखिम वाला इलाज मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनायेगा।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/21 (संविदा पद)**

| पद का नाम | रिक्ति | अधिकतम आयु (कट ऑफ 31.12.2025) |
|---|---|---|
| मुख्य वित्तीय अधिकारी | 1 | 57 साल |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉग ऑन करें, जहाँ आवेदन तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जा सकता है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया "CONTACT US"→ "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो बैंक की अधिकृत वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers/post-your-query) पर उपलब्ध है.

- आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 05.01.2026 से 27.01.2026 तक.

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05.01.2026 — महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)